वाणिज्य मंत्री (श्री पी० शिवशंकर) : (क) जी नहीं ।

(ख) अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह में मुक्त पत्तन की स्थापना के सुझावों पर, कई महत्वपूर्ण बातों को ध्यान में रखते हुये विचार किये जाने की आवश्यकता है जिनमें शामिल हैं : भूमि की उपलब्धता, बस्ती का निर्वाह करने की द्वीप समूह की क्षमता, क्षेत्र के नैसर्गिक सम्पत्ति स्रोत पर्यावरण तथा परिस्थिति विज्ञान सम्बन्धी बातें, आर्थिक व्यवस्था का स्वरूप जो कि उस उद्देश्य के लिए सहायक होंगे आदि । इनमें से अनेक पहलुओं पर ब्यौरेवार क्षेत्रीय संभाव्यता अध्ययन किये जाने आवश्यक होंगे । निश्चित तौर पर यह बताना संभव नहीं होगा कि इस सम्बन्ध में कार्यवाही कब पूरी हो जाएगी ।

Influx of Chakma Refugees into Tripura

*92. SHRI ALADI ARUNA alias V. ARUNACHALAM:
PROF. C. LAKSHMANNA:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) what is the number of Chakma refugees who have entered Tripura from Bangladesh so far; and

(b) what action the Central Government have taken to check the influx of Chakma refugees into Tripura and also to send them back?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI BUTA SINGH): (a) As per information received from the Government of Tripura, 48,938 Chakma tribal refugees have entered into Tripura upto 6th April, 1987.

(b) The security forces on the Indo-Bangladesh border are on alert. Measures have been taken for strengthening surveillance along the border which include strengthening of BSF, construction of observation post towers and providing increased mobility to border patrols. Efforts are also being made at diplomatic level and Bangladesh authorities have been requested to prevent influx and to create condidtions conducive for the early return of refugees to Bangladesh.

बिहार में पर्यटन का विकास

*93. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में पर्यटकों के लिए दर्शनीय स्थलों के विकास के लिए सातवीं पंचवर्षीय योजना में कितनी राशि आवंटित की गई है और ऐसे स्थलों के नाम क्या हैं तथा प्रत्येक के मामले में कितनी-कितनी राशि निर्धारित की गई है ; और

(ख) वैद्यनाथ धाम, देवघर, सीताकुण्ड, ऋषि कुण्ड और भीम बांध स्थित गर्म जल के झरनों के विकास के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा क्या-क्या व्यवस्था की जा रही है ?

पर्यटन मंत्री (मुफ्ती मोहम्मद सईद) : (क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान, पर्यटन मंत्रालय ने बिहार में पर्यटक अभिरुचि के स्थानों का विकास करने के लिए निम्नलिखित स्कीमें स्वीकृत की हैं :—

(लाख रुपए में)

	स्कीम का नाम	स्वीकृत राशि	रिलीज की गई राशि
1.	मेलों और त्यौहारों, बोधगया (कालचक्र पर्व) का संवर्धन	4.00	4.00
2.	मानेर शरीफ में अल्पाहार-गृह	3.43	3.00